हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 7 जून 2026



## छह हजार उपभोक्ताओं के बकाया बिल एडजस्ट, विभाग को मिले पौने तीन करोड़

### समाधान योजना का लाभ ले रहे उपभोक्ता, 31 जून तक आवेदन करने की अवधि तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई समाधान योजना का राजनांदगांव रीजन में बेहतर असर दिखाई दे रहा है। सालों से बकाया बिल के भुगतान को लेकर बड़ी संख्या में लोग आगे आ रहे हैं। रीजन में अब तक छह हजार से अधिक मामलों का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है। जिससे विभाग के खाते में भी पौने तीन करोड़ रुपए जमा हो गए हैं। वहीं 18 हजार से अधिक लोगों ने लाभ लेने के लिए अपना पंजीयन कराया है।

राजनांदगांव में बिजली बिल समाधान योजना के तहत बकायेदारों को बड़ी राहत मिल रही है। राज्य शासन की मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना में सरचार्ज पूरी तरह से माफ किया जा रहा है। जिसका लाभ उठाने के लिए लोग बड़ी संख्या में आगे आ रहे हैं। जिले में लगभग दो हजार उपभोक्ता इसका लाभ उठा चुके हैं। वहीं पूरे प्रदेश की बात करें तो 12 मार्च से शुरू हुई इस योजना से अब तक उपभोक्ताओं को 600 करोड़ रुपए से अधिक की भारी छूट मिल चुकी है और बिजली कंपनी को भी लगभग 59 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह योजना 30 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगी। जिसका लाभ उठाकर राजनांदगांव सहित प्रदेश के बाकी बचे उपभोक्ता भी अपने पुराने बिजली बिलों के भारी भरकम सरचार्ज से मुक्ति पा सकते हैं।

#### रीजन में 29971 बकायेदार

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव रीजन में कुल 29971 बकायेदार हैं। इनमें से 18331 बकायेदारों ने इस छूट योजना के तहत अपना पंजीयन करा लिया है। योजना में शामिल होकर राजनांदगांव के उपभोक्ताओं ने अब तक 2.78 करोड़ रुपए की बकाया राशि बिजली कंपनी में जमा करा दी है। इस जमा राशि के फलस्वरूप जिले में अब तक 6285 मामलों का सफलतापूर्वक समाधान हो चुका है।

#### विशेष शिविर के भी आयोजन

विद्युत विभाग द्वारा इस योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए राजनांदगांव, कवर्धा, एमएमसी और केसीजी जिलों के 66 वितरण केंद्रों में विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा विभाग की टीमें घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना की पात्रता और छूट की प्रक्रिया के बारे में जागरूक कर रही है। ज्ञात हो कि योजना के तहत आगामी 30 जून तक ही उपभोक्ताओं के पंजीयन की प्रक्रिया चलेगी।



#### इस तरह की मिल रही छूट

31 मार्च 2023 के पूर्व निष्क्रिय उपभोक्ताओं के लिए भी अलग-अलग योजनाएं हैं। इनमें बीपीएल श्रेणी मूल राशि पर 75 प्रतिशत की छूट और अधिभार (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत की छूट। घरेलू श्रेणी मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट और अधिभार पर 100 प्रतिशत की छूट। कृषि श्रेणी (स्थायी/अस्थायी) मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट और अधिभार पर 100 प्रतिशत की छूट। 31 मार्च 2023 के पूर्व सक्रिय उपभोक्ताओं के लिए बीपीएल श्रेणी 5 वर्ष से अधिक बकाया पर मूल राशि पर 75 प्रतिशत और अधिभार पर 100 प्रतिशत की छूट।

## एमपी से महाराष्ट्र ले जा रहा था 50 लाख की शराब, गिरफ्तार

### 800 पेटी शराब के साथ नागपुर का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला। शराब तस्करी के मामले में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मध्यप्रदेश के मुलताई से महाराष्ट्र गढ़चिरौली सप्लाई करते मानपुर पुलिस ने 800 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब सहित ट्रक को जब्त किया है। मानपुर थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुल 75 लाख रुपए की संपत्ति अब तक जब्त किया है। इस मामले में सप्लायर और खेप गढ़चिरौली जिले में किसको पहुंचाया जा रहा था। जिसकी गहन जांच की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि थाना मानपुर पुलिस को मुखबीर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि जिला अंबिकापुर पासिंग की एक सफेद रंग की अशोक लीलैंड ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब लोड कर अंबागढ़ चौकी-मोहला

⏩ शेष पेज 12 पर



#### 75 लाख की संपत्ति हुई जब्त

मानपुर वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक सीजी-15-डीजेड-4515 की गहन जांच के दौरान पुलिस को देखकर वाहन चालक भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस स्टाफ द्वारा तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते घेराबंदी कर दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम बलराम सिंह पिता दिमान सिंह डांगी निवासी नागपुर (महाराष्ट्र) बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब लोड है। वाहन की तलाशी लेने पर 100 पेटी रॉयल स्टैज व्हिस्की, 300 पेटी बियर, 400 पेटी गोवा कुल जमुला 75 लाख 28 हजार रुपए जब्त किया गया है।

#### आधे घंटे में हो जाता बॉर्डर पार

पूछताछ के दौरान आरोपी ट्रक ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि उक्त शराब मध्यप्रदेश के जिला बैतूल, तहसील मुलताई क्षेत्र से लोड की गई थी तथा नागपुर, देवरी, चिचोला, राजनांदगांव, अंबागढ़ चौकी, मोहला पार करते हुए साढे तीन सौ किलोमीटर का सफर तय कर लिया था। मानपुर एवं औंधी मार्ग से महाराष्ट्र गढ़चिरौली बॉर्डर तक पहुंचाई जानी थी, क्योंकि गढचिरौली जिले मे शराब प्रतिबंध है। अवैध शराब को जिला गढ़चिरौली बॉर्डर के सरहदी ग्रामों के आसपास अवैध शराब को खापाने की फिराक में थे। आरोपी ने यह भी बताया कि महाराष्ट्र में शैलेष नामक व्यक्ति के संपर्क में रहकर उक्त शराब को अनलोड किया जाना था।


**0 राजनांदगांव।** सुशासन तिहार के अंतर्गत वार्डों में जनता की समस्याओं का समाधान करने शिविर लगाए जा रहे है। शिविर के अंतिम चरण में 8 जून को सुबह 10 दोपहर 2 बजे तक हीरामोती वार्ड नं. 39, गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 एवं नंदई वार्ड नं. 48 के लिए गंजपारा स्कूल बसंतपुर थाना के समीप जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहकर वार्डवासियों की समस्या सुन उनसे मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त कर शासन की योजना से लाभान्वित करेंगे।












## खबर संक्षेप

### भाजपा की बैठक आज

**मुसराकला।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आत्मनिर्भर मंडल की मासिक बैठक कल सात जून को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में रखा गया है। बैठक में मंडल प्रभारी चंद्रिका प्रसाद डड़सेना एवं सहप्रभारी राम कुमार गुप्ता उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर विचार किया जाएगा। सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से उपस्थित होने का आव्हान किया गया है।

### सीईओ ने ग्रामीणों के साथ किया पौधारोपण

**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत कुतुलबोड़



भाटागांव में सरपंच रोहित साहू की अध्यक्षता में शुक्रवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक के प्रारंभ में एजेंडा का वाचन पंचायत सचिव ने किया। स्वच्छ भारत मकिशन के विकासखंड समन्वयक ने सालिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 की विस्तृत जानकारी ग्राम सभा में दिया। जनपद सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने स्वच्छ गांव एवं सुरक्षित जलवायु के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर गांव के एक नाले में 6 स्थानों पर बोरी बंधान किया गया ताकि पानी का भंडारण हो सके और जल स्तर में बदलाव आए। स्वच्छता त्योहार एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गांव में पौधरोपण किया गया। ग्रामसभा में क्षेत्रीय सब इंजीनियर, ग्राम रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### अंग्रेजी भाषा पर राज्य स्तरीय कार्यशाला



**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर में इंग्लिश लैंग्वेज टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने टीचिंग इंग्लिश एवं सेकंड लेंग्वेज विषय पर राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया। वर्कशॉप में अनेक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि परमजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि आईटीआई अधिकारी निरंजन सिंह महिपाल, पूनाराम सिन्हा, खोरबाहराराम साहू, पुष्पा सिन्हा थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि अंग्रेजी एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के साथ अंतरराज्यीय भाषा भी है। सेकेंड लेंग्वेज के रूप में इंग्लिश टीचिंग का महत्व स्वयंमेव सिद्ध होता है। इंग्लिश सीखने हेतु मातृभाषा का हरसंभव सहयोग लिया जा सकता है। मोटिवेशनल स्पीकर श्री सिन्हा ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मोटिवेट किया। सहायक प्राध्यापक अविनाश सिंह ने वेब साइट्स फॉर लर्निंग इंग्लिश पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि इंग्लिश सीखने के लिए विभिन्न वेब साइट्स का सहारा लिया जा सकता है। हैं। इसी कड़ी धनेश सिन्हा, आईटीआई अधिकारी श्री महिपाल ने उदबोधन में उपयोगी जानकारियां दी। इस दौरान रीत राज कौर को 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार यामिनी साहू, घृतिका साहू, लक्षिता सिन्हा को भी सम्मानित किया गया। लता साहू, पायल साहू एवं खोमेंद्र सिन्हा को बेस्ट स्टूडेंट्स के खिताब दिया गया। कार्यक्रम में झरना साहू, सुजाता साहू, ज्योत्सना कौर, प्रेमा सिन्हा, सीमा सिन्हा, धरम सिन्हा, महेश सिन्हा, रुद्राक्ष साहू, सपना साहू, रूपेंद्र खोबरागडे, आस्था सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### गरमाने लगा बोरतलाव पंचायत का माहौल

# अविश्वास जताने पर पंचों को धमकी, थाने में हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरपंच के खिलाफ पंचों द्वारा अविश्वास का आवेदन देने के बाद ग्राम पंचायत बोरतलाव को माहौल गर्माते जा रहा है। अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने वाले पंचों ने दबाव बनाने और धमकाने का आरोप लगाया है जिसे लेकर पंचों ने थाना पहुंचकर शिकायत किया है।

पंचों का आरोप है कि अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद सरपंच समर्थक महिलाओं को उनके घरों में भेजकर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे है। पंचों ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप बताते हुए प्रशासन से जांच की मांग की है। पंचों ने पुलिस प्रशासन से दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि तीन दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो सभी पंच आंदोलन करने बाध्य



### सरपंच संघ ने अध्यक्ष को किया पदमुक्त

**डोंगरगढ़।** जनपद पंचायत सभागृह में आयोजित सरपंचों की बैठक में नेतृत्व बदलने का निर्णय लिया गया। उपस्थित सरपंचों ने सर्वसम्मति से संघ के अध्यक्ष कैलाश उके को पदमुक्त करने के साथ पारागांव के सरपंच कमलेश वर्मा पर विश्वास जताते हुए उन्हें सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष नियुक्त किया। नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश वर्मा को सरपंचों ने शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में पंचायतों से जुड़े मुद्दों को संघ प्रभावी ढंग से उठाएगा तथा सरपंचों के हितों और ग्रामीण विकास से संबंधित विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाएगा। बैठक में विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच शामिल हुए।

# भैंस को बूचड़खाना ले जा रहे दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी पेश नहीं कर सके वैध दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पुलिस ने पशु के अवैध परिवहन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक बिना नंबर के छोटा हाथी वाहन को पकड़ा है, जिसमें दो नग भैंसों को कत्लखाना ले जाया जा रहा था।

पुलिस ने त्वरित कदम उठाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मवेशी और वाहन सहित कुल दो लाख साठ हजार का मशरूका जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गंडई के दो व्यक्ति टाटा एस गोल्ड छोटा हाथी वाहन में दो नग भैंसों को कत्लखाना बेचने के लिए बीरखा से मगरकुंड रोड होते हुए ले जा रहे हैं। पुलिस ने बिरखा घटियारी मंदिर पुल के पास घेराबंदी करते हुए चेक किया तो वाहन में दो भैंसा पाए गए। वाहन चालक जितेन्द्र धृतलहरे पिता बउदा धृतलहरे निवासी वार्ड 8 तथा पीर अली पिता जाकिर अली, निवासी वार्ड 9 को पुलिस ने धारा 94 का नोटिस देकर पशु परिवहन, वाहन के वैध कागजात तथा मवेशी खरीदी-बिक्री के दस्तावेज पेश करने को कहा। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं है। वैध दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस ने टाटा एस गोल्ड छोटा हाथी गाड़ी और दो नग भैंसे जप्त कर कब्जे में लिया। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 सहित पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## जनजागरूकता पर कार्यक्रम नहीं

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ वन मंडल में पर्यावरण दिवस पर कोई आयोजन नहीं किया गया। आश्चर्य की बात यह रही है कि परिक्षेत्र अधिकारी के साथ अन्य मुख्यालय से गायब रहे। उल्लेखनीय है कि अवैध कटाई एवं जानवरो के शिकार अरैर अवैध उत्खनन को लेकर सुर्खियों में रहने वाले वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी इसे रोकने गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।वृक्षारोपण, जानवरो के लिए पानी की व्यवस्था के नाम पर राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। वन कर्मचारियों के संरक्षण में अवैध कटाई और खनन के आरोप लग रहे हैं।

## ध्वनि प्रदूषण फैला रहे बाइक चालकों पर कार्रवाई

- मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त कर लगाया जुर्माना

**गंडई पंडरिया।** यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में गंडई पुलिस ने नगर विजिबल पुलिसिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने प्रतिबंधित मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर खतरनाक तरीके से वाहन चलाने और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले तीन बाइक चालकों को पकड़ा है।

नगर में चेकिंग के दौरान तीन वाहन चालकों को चिन्हित किया गया जो बुलेट और अन्य मोटरसाइकिलों पर पटाखे जैसी तेज आवाज निकाल रहे थे। पकड़े गए वाहन चालकों में भुरभुसी के जय नारायण साहू बुलेट क्रमांक सीजी 07 बीपी 5462, भुरभुसी के चैबेन्द्र साहू बुलेट क्रमांक सीजी 09 जेएल 5951 तथा टिकरीपारा के दीपक देवांगन मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 09 एलओ 4419 से ध्वनि प्रदूषण फैलाते पाए गए।पुलिस ने मौके पर ही वाहनों में लगे अवैध मॉडिफाइड साइलेंसरों को निकलवाकर जब्त किया साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए तीनों चालकों पर दो-दो हजार का जुर्माना अधिरोपित किया।

# बौद्ध विहार को एक लाख देने की घोषणा



- स्थापना दिवस पर विविध धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जागृति युवक समिति भीमनगर ने आर्य सत्य बौद्ध विहार की प्रथम वर्षगांठ के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बौद्ध वंदना, धम्म प्रवचन, संविधान पर परिचर्चा तथा समाज हित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम ने भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्जवलित कर भंते नागरत्न, भंते कुमार कश्यप ने परित्राण पाठ किया। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे थे। अतिथि के रूप में बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, पार्षद जय किशोर अम्बादे, देवेंद्र साखरे, शिवांगी साखरे उपस्थित थे। परिचर्चा में शामिल होकर राजनांदगांव के कक्षा दूसरी के छात्र यथार्थ सम्राट भारतीय ने अपने वक्तव्य से सबको प्रभावित किया। अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि हर घर में यथार्थ सम्राट भारतीय जैसा बच्चा होना चाहिए जिन्हें देखकर और सुनकर यह महसूस किया जा सके की देश और समाज को सुरक्षित रखने के लिए आने वाली पीढ़ियां तैयार हो रही है। पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने अध्यक्ष निधि से एक लाख देने की घोषणा की। संचालन राकेश भवते ने किया।

इस अवसर पर डॉ मिलन टेम्भुरकर, महादेव इंदुरकर, संगीता टेंभुरकर, अनिता इंदुरकर सुषमा कामड़े, उजाला, कुंदा इंदुरकर, विजय जामुलकर, कुणाल जामुलकर, रितेश कामड़े, महादेव इंदुरकर, संदीप भवते, संदीप सहारे, हरविंदर आजाद, राजकुमार नंदेश्वर, मनोज गजभिए, अमिताभ दुफारे, सचिन जामुलकर, ओम प्रकाश, गिरीश आदि मौजूद थे।

## काली पट्टी बांधकर स्वास्थ्य कर्मियों ने किया प्रदर्शन



**डोंगरगढ़।** डॉक्टर और लैब टेक्नीशियन के विरुद्ध की गई कार्रवाई के विरोध में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया। कर्मचारियों का कहना है कि डॉक्टर एवं लैब टेक्नीशियन के खिलाफ की गई कार्रवाई तथ्यों की पूर्ण जांच के बिना की गई है। प्रदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान मरीजों को सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। कर्मचारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक तथ्यों को सामने लाने की मांग की है।

### क्षेत्र में मनाया गया पर्यावरण दिवस

# जनप्रतिनिधियों व वनाधिकारियों ने रोपे पौधे, लिया सुरक्षा का संकल्प





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभागीय निर्देशानुसार कार्यालय वन परिक्षेत्र अधिकारी गंडई के तत्वावधान में ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू, सरपंच राजा लाल तोहित सिंह, अनुविभागीय अधिकारी खुटे तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी संजीत मरकाम उपस्थित थे। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्री खुटे, वन परिक्षेत्र अधिकारी संजीत मरकाम ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वन संवर्धन, जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर जानकारी दी। अधिकारियों ने उपस्थित जनसमुदाय को पर्यावरण बचाने हेतु जन-जागरूकता का संदेश देते हुए आह्वान किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू एवं सरपंच राजा लाल तोहित सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन को रोकने और आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती को सुरक्षित बनाने हेतु पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

### पौध संरक्षण का संकल्प

समारोह में जनप्रतिनिधियों, वन अधिकारियों तथा ग्रामीणों ने छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। सभी ने इन पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। पौधरोपण के साथ ही पूरे परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की शपथ ली।

**डोंगरगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल भाजपा ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। सभी कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

### छात्रों ने किया ग्रामीणों को जागरूक

**तुमड़ीबोड़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया । सर्वप्रथम



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का स्मरण कराता है। यह दिन हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लेने और दूसरों को प्रेरित करने का अवसर देता है। इको क्लब प्रभारी थंगेश्वर साहू ने बताया कि मानव जीवन और पर्यावरण का संबंध अत्यंत घनिष्ठ है। पर्यावरण ही जीवन के लिए वायु, जल, भोजन, ऊर्जा तथा अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रदान करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उसकी सुरक्षा की शपथ दिलाया। इसी कड़ी में असीम यद्धु, वैशाली, कनिका, बबीता, संध्या, मेनका, रोहिणी, रविशंकर, निखिल आदि ने अपनें विचार रखे। निबंध, कविता,पें टिंग बनाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। तत्पश्चात गुलमोहर एवं आम का रोपण किया गया। इस दौरान सरोज भुआर्य, पालकराम वर्मा, नोहरदास लिल्हारे, राजेश नेताम आदि आदि मौजूद थे।

# जिपं सदस्यों ने किया शराब दुकान का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारभांठा

- अवैध बिक्री पर लगेगा अंकुश

क्षेत्र में लंबे समय से पैर पसार रहे शराब के अवैध कारोबार को ध्वस्त करने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अवैध शराब की बिक्री से बढ़ रही अराजकता को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा सरकारी शराब दुकान खोलने की मांग की जा रही थी। ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने 5 जून को शराब दुकान शुरू कर दिया। फिलहाल पंचायत के पीछे वाले भवन में दुकान चालू किया गया। शराब दुकान के लिए जल्दी से भवन निर्माण कराने की कोशिश की जा रही है।

### अवैध बिक्री पर लगेगी रोक

इस कदम से ग्रामीणों में यह उम्मीद जागी है कि क्षेत्र से अवैध शराब का धंधा पूरी तरह बंद होगा, जिससे न केवल अराजकता पर लगाम लगेगी बल्कि गांव में शांति व्यवस्था बहाल होने के साथ सरकार को राजस्व का लाभ होगा। वहीं लोगों को आशंका है कि शराब कोचिया अब होम डिलीवरी शुरू न कर दें। कंपोजिट दुकान के खुलने से मदिराप्रेमियों में इस बात की खुशी है कि अब निर्धारित दाम पर शराब उपलब्ध होगी।



### व्यवसाय बढ़ने की संभावना

गौरतलब है कि साप्ताहिक बाजार, स्वास्थ्य केंद्र, सीएससी और मेडिकल सुविधा के कारण आसपास गांव के लोग यहां पहुंचते है। अब शराब दुकान खुलने के बाद लगभग 20 से 25 से भी ज्यादा गांवों के लोगों की आवाजाही बढ़ने से ग्राम का बाजार का विकास होने की संभावना है।

### जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ

कंपोजिट शराब दुकान के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अनीता मंडावी थी। इस दौरान जनपद सदस्य अशोक नेताम, सरपंच अनीता अहिरवार, पंच, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कमल चंद्रवंशी, आबकारी विभाग के अफसर तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। जिला पंचायत सदस्य अनीता मंडावी ने कहा कि क्षेत्र में बाहरी क्षेत्रों से शराब लाने के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही थ्थी वहीं अवैध शराब के धंधे को रोकने के लिए ग्रामीणों की मांग पर यह दुकान खोली गई है। उन्होंने युवाओं और ग्रामीणों से कहा कि गांव में किसी प्रकार का वाद-विवाद या लड़ाई-झगड़ा नहीं होना चाहिए और सभी को शांति व्यवस्था बनाए रखकर मर्यादित ढंग से रहे।



### मुर्गा बाजार की आड़ में चल रहा जुआ

**डोंगरगढ़।** थाना बोरतलाव अंतर्गत बजरंगीडीह में मुर्गा बाजार की आड़ में प्रत्येक रविवार और बुधवार को जुआ संचालित हो रहा है जिसकी जानकारी बोरतलाव पुलिस को है। ग्राम में मुर्गा बाजार की आड़ में लाखों का जुआ चल रहा है जिसमें महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के लोग शामिल होते है। जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने जुआ को बंद कराने की मांग पुलिस अधिकारियों से किया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक दिन के लिए बंद करने के बाद मुर्गा बाजार फिर से संचालित किया जा रहा है। बड़ी संख्या में बाहरी लोगों की आवाजाही से क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो रही है साथ ही क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## नगर नियोजन कानूनों के संभावित उल्लंघन का गंभीर मामला

# टीसीपी नक्शे ने खोली जमीन घोटाले की परतें

## जमीन विवाद में नया खुलासा, तीन विभागों के दस्तावेज अलग-अलग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के चर्चित भूमि विवाद में अब नया और महत्वपूर्ण मोड़ आ गया है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीसीपी) के अधिकृत भूमि उपयोग नक्शे के सामने आने के बाद मामला केवल स्वामित्व विवाद तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि नगर नियोजन कानूनों के संभावित उल्लंघन का गंभीर मामला बनता दिखाई दे रहा है।

अब तक सामने आए दस्तावेजों में 1974 की रजिस्ट्री, एसडीएम राजस्व जांच, नगर निवेश विभाग की अवैध प्लाटिंग संबंधी टिप्पणियां तथा हजारों वर्गफीट भूमि की बिक्री के रिकॉर्ड शामिल रहे हैं। लेकिन टीसीपी के नक्शे ने इन सभी दस्तावेजों के बीच एक नई और विरोधाभासी तस्वीर प्रस्तुत कर दी है।

पूरे मामले में तीन अलग-अलग विभागों के रिकॉर्ड एक-दूसरे से मेल नहीं खाते दिखाई दे रहे हैं। राजस्व विभाग के मेंटेनेंस खसरे के आधार पर संबंधित भूमि को निजी स्वामित्व वाली और विक्रय योग्य माना गया, जिसके आधार पर प्लॉटिंग और रजिस्ट्रियां हुईं। वहीं नगर पालिका और नगर निवेश विभाग का कहना है कि संबंधित भूमि पर न तो स्वीकृत ले-आउट है और न ही वैध प्लाटिंग की अनुमति दी गई थी।

### लगे गंभीर प्रश्नचिन्ह

जांच प्रतिवेदनों के अनुसार लगभग 85,627 वर्गफीट भूमि की बिक्री दर्ज की गई है। वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार इसकी कीमत 40 से 45 करोड़ रुपये के बीच आंकी जा रही है। इतने बड़े भूमि लेन-देन के बावजूद विभागीय रिकॉर्डों में मौजूद विरोधाभासों ने पूरे प्रकरण पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मामले की उच्च स्तरीय एसआईटी जांच, सभी 22 रजिस्ट्रियों की समीक्षा तथा दोषी भू-माफियाओं एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।




### आमोद- प्रमोद क्षेत्र में प्लाटिंग

सबसे महत्वपूर्ण तथ्य टीसीपी के भूमि उपयोग नक्शे से सामने आया है। नक्शे में खसरा नंबर 169 को वाणिज्यिक (कॉमर्शियल) उपयोग की भूमि तथा खसरा नंबर 167 को सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित दर्शाया गया है। इसके आसपास के हिस्सों को पार्क और आमोद-प्रमोद क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इसके बावजूद इन्हीं भूखंडों को रिहायशी प्लॉटों में विभाजित कर बेचे जाने के आरोप सामने आए हैं।

### भूमि उपयोग में परिवर्तन नहीं

विशेषज्ञों का कहना है कि भूमि का स्वामित्व और भूमि उपयोग दो अलग-अलग कानूनी विषय हैं। किसी व्यक्ति के नाम पर भूमि दर्ज होने मात्र से उसका उपयोग स्वतः परिवर्तित नहीं हो जाता। इसके लिए सक्षम नगर नियोजन प्राधिकरण से विधिवत भूमि उपयोग परिवर्तन की स्वीकृति आवश्यक होती है।

### मिलीभगत से खेल

इसी आधार पर अब कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि खसरा नंबर 169 वाणिज्यिक भूमि थी तो उस पर रिहायशी प्लॉट कैसे काटे गए? यदि खसरा नंबर 167 सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित थी तो उसके टुकड़े कर विक्रय करने का आधार क्या था? क्या भूमि उपयोग परिवर्तन की कोई वैधानिक प्रक्रिया पूरी की गई थी? यदि नहीं, तो क्या यह मामला प्रशासनिक लापरवाही अथवा मिलीभगत का परिणाम है?

### कार्रवाई के लिए कंपकपा रहे हाथ

उल्लेखनीय है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 11 जुलाई 2025 को अवैध कॉलोनियों और प्लाटिंग के मामलों में एफआईआर दर्ज करने, अवैध निर्माण हटाने तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए थे। इसके बावजूद खैरागढ़ में कथित रूप से पार्क और सार्वजनिक उपयोग की भूमि के विक्रय संबंधी शिकायतों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### जांच के आदेश

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए शीघ्र टीम गठित की जाएगी। इस मामले की हर पहलू की जांच की जाएगी।
- **सुरेन्द्र सिंह ठाकुर**, संयुक्त कलेक्टर

# सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले बनेंगे राह-वीर

- दुर्घटना के बाद शुरूआती एक घंटे गोल्डन ऑवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने और आमजन को मानवता के इस कार्य के लिए प्रेरित करने हेतु भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राह-वीर योजना संचालित की जा रही है। योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दुर्घटना के बाद शुरुआती एक घंटे यानी गोल्डन ऑवर के भीतर घायल व्यक्ति को त्वरित चिकित्सा सहायता मिल सके, जिससे उसकी जान बचाई जा सके।

योजना के तहत यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाने, एंबुलेंस बुलाने या प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराने में मदद करता है, तो ऐसे व्यक्ति को राह-वीर के रूप में सम्मानित किया जाएगा। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाने में सहयोग करने वाले व्यक्ति को प्रति घटना 25 हजार रुपए तक की पुरस्कार राशि प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

राह-वीर अवॉर्ड के लिए एक्रॉलेजमेंट फॉर्म संबंधित पुलिस स्टेशन द्वारा दिया जाएगा। जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष द्वारा मूल्यांकन समिति सिफारिशों पर राह-वीर योजना के लाभार्थी का विवरण एवं अन्य जानकारी ई-डीएआर प्लेटफार्म पर अपलोड करेंगे। जिसके पश्चात राज्य सरकार पीएफएमएस के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ऑनलाइन पुरस्कार राशि जमा करेंगी।

### महत्वपूर्ण कदम

सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में अक्सर लोग कानूनी प्रक्रिया या अन्य आशंकाओं के कारण मदद करने से पीछे हट जाते हैं, जबकि गुड सेमेरिटन संबंधी प्रावधानों के तहत सहायता करने वाले नागरिकों को अनावश्यक कानूनी परेशानियों से संरक्षण दिया गया है। सरकार की यह पहल लोगों में संवेदनशीलता, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों की सहायता के लिए आगे आएं और जरूरतमंदों की जान बचाने में अपनी सहभागिता निभाएं। समय पर की गई छोटी-सी मदद किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकती है। योजना 31 मार्च 2028 तक प्रभावशील रहेगी।

# प्रत्येक परिवार को एक पेड़ लगाने का आह्वान

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू की अध्यक्षता में प्रदेशभर में कल 7 जून को व्यापक वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण अभियान संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने समाज की समस्त इकाईयों, परिक्षेत्रों, जिला समाजों, प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं प्रत्येक परिवार से कम से कम एक पेड़ लगाने का आह्वान किया है।

प्रदेश साहू संघ द्वारा जल संरक्षण पर भी विशेष बल दिया गया है। वर्षा ऋतु के आगमन से पूर्व घरों एवं आसपास सोख्ता निर्माण, वर्षा जल संचयन तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग को अपनाने का संदेश दिया गया है। संघ का मानना है कि जल संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।

### सक्रिय भागीदारी आवश्यक

डॉ. नीरेन्द्र साहू ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण असंतुलन और जल संकट मानव जीवन के समक्ष गंभीर चुनौती बनती जा रही है। इन चुनौतियों से निपटने समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। प्रदेश साहू संघ ने सभी समाजजनों से अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा वृक्षारोपण की फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर जन-जागरूकता बढ़ाने का आग्रह किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सके।

# नांदगांव की प्रज्वलिका को मिला गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला चिकित्सालय राजनांदगांव स्टाफ नर्स के पद पर पदस्थ प्रज्वलिका कश्यप को पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग में प्रदेश में टॉप आने पर छग के गवर्नर महामहिम रामेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यह मेडल पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्व विद्यालय छग द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में दिया गया।

प्रज्वलिका के इस उपलब्धि पर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महामंत्री पीसी जेम्स ने भी उनके इस उपलब्धि पर बधाई देते बताया कि यह और लोगों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत है। प्रज्वलिका के इस सफलता पर जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र प्रसाद, मेट्रन मंजू येन्नेवार व समस्त स्टाफ ने भी बधाई दी। उक्त सम्मान समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उपस्थित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बोरी बंधान कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, युवाओं एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते श्रमदान किया तथा जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी, गोपाल भुआर्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष हिरेन्द साहू, जनपद पंचायत छुरिया सदस्य चंद्रिका वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हिरदेराम देवांगन, भाजपा मंडल गैंदाटोला उपाध्यक्ष रीना कुलदीप, सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक आलोक मिश्रा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री घासी साहू, दिग्विजय साहू, सोनम मारावी, चमेलीबाई, आंकाक्षा साहू, होरीलाल साहू समेत पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामवासी, महिला समूह व स्वच्छता समूह की दीदी उपस्थित थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने श्रमदान करते बोरी बंधान निर्माण कार्य में भाग लिया और जनसमुदाय को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जल जीवन का मूल आधार है तथा वर्तमान समय में जल स्रोतों का संरक्षण और संवर्धन अत्यंत आवश्यक हो गया है। वर्षा जल का अधिकतम संचयन, भू-जल स्तर में वृद्धि तथा प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ। जनसमुदाय ने एक स्वर में संदेश दिया कि जल है तो कल है, जल संरक्षण ही भविष्य का संरक्षण है।



# सेजेस टू में स्टाफ ने लगाए पौधे

- अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उमा विद्यालय सेजेस 2 में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण दिवस पर प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह सहित स्टाफ ने एक पेड़ मां के नाम करंज, बादाम, कदम पौधों का रोपण किया।

कमलेश्वर सिंह ने कहा कि पर्यावरण को नुकसान से पूरी जैव विविधता खतरे में है इसे संरक्षित करने युद्ध स्तर पर पौधा लगाना होगा। जल जंगल जमीन हमारी धरोहर है इसके बिना हमारा जीवन संकटमय है। उन्होंने इस दिशा में शिक्षा संस्थानों, ग्राम सभाओं, बैठकों सेमिनार के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया। इस दौरान तृप्ति दशरिया, उत्तरा साहू, करन साहू, अमीषा देवांगन, प्रांजल सिन्हा, खूम वर्मा, वर्षा मानिकपुरी, भानु यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### आसपास को स्वच्छ व हराभरा रखें

प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने कहा कि हम सब अपने आसपास को स्वच्छ व हरा भरा रखने अपने घर, सार्वजनिक स्थानों, शिक्षा संस्थानों में एक पेड़ मां के नाम पौधे रोपित कर उनका पेड़ के स्वरूप लेने तक संरक्षण करे। जिस तेज गति से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है उसी गति से हम संरक्षण नहीं कर पा रहे है। प्रदूषित जल से स्वास्थ प्रभावित हो रहा है। वायु प्रदूषण से हमें सांस लेने में परेशानी हो रही है। जैविक खादों के स्थान पर रसायनिक खादों के उपयोग से मिट्टी का मूल स्वरूप समाप्त हो रहा उपजाऊपन नष्ठट हो रहा और वैश्विक युद्ध से समुद्र का जल दूषित हो रहा है।

# अमलीडीहकला में सुशासन तिहार का अंतिम जिला स्तरीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सुशासन तिहार अंतर्गत जिले का अंतिम जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण व समाधान शिविर अमलीडीहकला में हुआ। अमलीडीहकला क्लस्टर के ग्राम पंचायत ढोलियाकन्हार, दिलीपपुर, खजरी, कटंगीकला, मुहडबरी, अकरजन, कांचरी, टेकापारकला, कुलीकसा, भूलाटोला, बाजगुड़ा, एटीकसा, बैहाटोला, कोहकाबोड़, कटंगीखुर्द, विक्रमपुर, कोड़ेनवागांव सहित 16 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचे और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया। शिविर में मिले 753 आवेदनों में 750 मांग व 3 शिकायत संबंधी आवेदन रहा जिनके निराकरण को लेकर संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कारवाई की जा रही है। विभागीय स्टॉलों में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, सभापति दिनेश वर्मा, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, पूर्व जिपं सदस्य घम्मन साहू, जनपद सदस्य किरण मानिकपुरी, शैलेन्द्र मिश्रा, कोमल वर्मा, गोरेलाल वर्मा, चंदू वर्मा, नीलिमा गोस्वामी, महेंद्र वर्मा, मंजीत सिंह, आयश सिंह बोनी, बिसेसर साहू, अमलीडीहकला सरपंच उपेश वर्मा सहित जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



### स्टॉलों पर हितग्राहियों को मिला लाभ

शिविर मे समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को वॉकिंग छड़ी, 1 हितग्राही को श्रवण यंत्र दिया गया। शिक्षा विभाग द्वारा 12 विद्यार्थियों को पेन-डायरी वितरित की गई। मत्स्य पालन विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को मछली पकडने का जाल, 2 हितग्राहियों को आइस बॉक्स दिया गया। सेवा सहकारी समिति द्वारा 7 किसानों को चेक का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 4 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई वही 4 हितग्राहियों को सुपोषण किट, 4 को स्वच्छता किट और 4 को फलदार पौधों का वितरण किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को सब्जी मिनी किट, कृषि विभाग द्वारा 3 किसानों को ढेंचा बीज प्रदान किया गया। आयुष विभाग के स्टॉल मे 100 और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 150 लोगों की ओपीडी जांच, 112 का रक्तचाप व शूगर जांच किया गया। 15 लोगों की नेत्र जांच कर 5 हितग्राहियों को निशुल्क चश्मा दिया और 5 आभा आईडी भी बनाई गईं।

### संवाद का सशक्त माध्यम बना सुशासन तिहार

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने और शासन-प्रशासन के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में 19 समाधान शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 22 से 24 हजार आवेदन मिला हैं। अधिकांश आवेदन मांग संबंधी हैं, जिन पर विभागीय स्तर पर आवश्यक कारवाई की जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि 9 जून से मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के नवीन स्वरूप का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसका लाभ नागरिक उठा सकेंगे।

## भीषण गर्मी में लोगों को छांव दे रहे पेड़

# निर्मल त्रिवेणी ने लिया पर्यावरण संरक्षण संवर्धन का संकल्प, लगाए हजारों पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन को लेकर संगीत नगरी के युवाओं की एक टोली ने शहर को हरा भरा रखने लगभग सात साल पहले निर्मल त्रिवेणी अभियान की शुरूआत की जिसका प्रतिफल अब दिखने लगा है। शहर के चौक चौराहों में लगाए उनके पौधे आज भी भीषण गर्मी मे पेड़ का स्वरूप लेकर लोगों को छांव दे रहे है।

अभियान के संयोजक सूरज देवांगन ने सात साल के लंबे सफर को लेकर बताया कि जिस तेजी से ईंधन सहित अन्य जरूरतों को लेकर हरे भरे पेड़ों की कटाई हो रही थी और पर्यावरण का विनाश हो रहा था उसे देखते हुए हमने तय किया कि पर्यावरण की सुरक्षा साथ संवर्धन को लेकर काम किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ हवा मे सांस ले सके। शुरूआती दौर में पांच से सात लोग ही शामिल थे, लेकिन समय के साथ कांरवा बढ़ता गया और सभी ने यह तय किया कि हर मौसम में रोज दो घंटे श्रमदान करना है और सिर्फ पौधे लगाना नही उसके पेड़ का स्वरूप लेने तक सुरक्षित रखना है।



संयोजक सूरज देवांगन ने बताया कि मई जून की भीषण गर्मी मे भी रोज सुबह बाल्टी बाल्टी पानी लाकर टीम के सदस्य जमीन में नमी बनाए रखते है इसके अलावा सुरक्षात्मक उपाय सहित सूखे टहनियों की कटाई, पत्तों में कीटनाशक का छिड़काव करते है।

### कई क्षेत्रों में काम कर रही टीम

संयोजक श्री देवांगन ने बताया कि अभियान तहत सिर्फ पौधे रोपण ही नही किया गया बल्कि जल संरक्षण को लेकर भी काम हुआ है। शहर की जीवनदायिनी आमनेर, मुस्का और पिपरिया नदी की साफ सफाई, मिट्टी कटाव को रोकने के अलावा नदियो के घाट और रियासतकालीन इमारतों के सौंदर्यीकरण सहित स्वच्छता की दिशा में भी टीम सदस्य काम कर रहे है। संयोजक श्री देवांगन ने बताया कि अभियान के पहले दिन सभी ने सामूहिक संकल्प लिया था कि विकास के नाम पर जारी हरे भरे पेड़ों के विनाश को वो यदि रोक नही सकते तो कम से कम अपने हिस्से का निस्वार्थ कर्म करके संगीत नगरी की धरा को पल्लवित रख सकते है।

# संगीत विवि के साथ आईजेआईआर की साझेदारी, दिल्ली में फैशन एग्जिबिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर की पहचान अब केवल संगीत और कला तक सीमित नहीं रही है। राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विवि के छात्र छात्राओं द्वारा डिजाइन किए परिधानों ने पहली बार राष्ट्रीय फैशन मंच पर अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है।

राष्ट्रीय जूट बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय द्वारा 19 मई 2026 को नई दिल्ली के अशोका होटल में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार व फैशन एग्जिबिशन में इजिरा द्वारा लगाए गए स्टॉल में विवि स्टुडेंट्स द्वारा तैयार किए गए डिजाइनर कलेक्शन प्रदर्शित किया गया, जिसने ग्रीन फैशन और सस्टेनेबल टेक्सटाइल की नई दिशा प्रस्तुत की। संगीत विवि और इंडियन जूट इंडस्ट्रीज रिसर्च एसोसिएशन के बीच एमओयू के बाद यह पहला अवसर रहा जब विवि का डिजाइन कलेक्शन राष्ट्रीय स्तर के फैशन मंच तक पहुंचा।

प्रदर्शित परिधानों के लिए फैब्रिक कोलकाता स्थित संस्था में तैयार किए गए जबकि उन्हें आकर्षक और आधुनिक डिजाइन देने का कार्य स्टुडेंट्स ने किया।



### जूट मिल का दौरा करेंगे स्टुडेंट्स

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने बताया कि आगामी दो से तीन महीनों में स्टुडेंट्स का अध्ययन दल जूट उद्योग का दौरा करेगा जहां उन्हें प्राकृतिक रेशों से धागा और वस्त्र निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्राकृतिक रेशों पर आधारित यह पहल न केवल पर्यावरण अनुकूल फैशन को बढ़ावा दे रहा बल्कि विवि को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी दिला रही है।

### 3 से 4 सप्ताह में तैयार होता है प्राकृतिक फाइबर फैब्रिक

इजिरा के निदेशक डॉ अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि फ्लैक्स, रेमी, सिसल, बांस, पाइनएप्पल फाइबर और बनाना हेंप जैसे प्राकृतिक रेशों से धागे तैयार किया गया। अत्याधुनिक तकनीक और रचनात्मक डिजाइन के माध्यम से इन रेशों को आधुनिक फैशन व लाइफ स्टाइल उत्पादों का स्वरूप दिया गया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक रेशों से कपड़ा तैयार करने की पूरी प्रक्रिया लगभग तीन से चार सप्ताह में पूरी होती है। इसके तहत केले के तने, जूट तथा अन्य पौधों से बारीक रेशे निकाले जाते हैं। धुलाई और सुखाने के बाद उनसे धागा तैयार किया जाता है, जिसे आगे वस्त्र निर्माण में उपयोग किया जाता है। सेमिनार के मुख्य अतिथि केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने विवि के कार्यों की सराहना करते हुए स्टुडेंट्स और संस्थान को कम समय में उत्कृष्ट गुणवत्ता के परिधान तैयार करने के लिए बधाई दी। उन्होंने प्राकृतिक रेशों पर आधारित इस पहल को पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## सार समाचार

### कांग्रेस की जीत, जनता का करारा जवाब : अनीस

**राजनांदगांव।** घुमका नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा की शानदार विजय पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने कहा कि यह जीत भाजपा की डबल इंजन सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के जनादेश की स्पष्ट अभिव्यक्ति है। घुमका की जनता ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भाजपा की जनविरोधी नीतियों और जनसमस्याओं के प्रति सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये को नकारते कांग्रेस पर अपना विश्वास प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में मजबूत चुनावी रणनीति और संगठनात्मक एकजुटता के साथ चुनाव लड़ा। जिसका परिणाम ऐतिहासिक विजय के रूप में सामने आया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रियता, समर्पण और जनसंपर्क का परिणाम है कि घुमका की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा को अपना समर्थन दिया और ऐतिहासिक जीत दिलाई।



## पेज एक के शेष ...

### एमपी से महाराष्ट्र...

मानपुर एवं औंधी मार्ग होते हुए महाराष्ट्र बॉर्डर पार कर शराब की खेप गढ़चिरौली जिले में पहुंचेगी। पुख्ता जानकारी के बाद आज सुबह से ही मानपुर एसडीएम कार्यालय के सामने थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा ने पुलिस बल की चेक पॉइंट लगाया था। दोपहर 3.30 बजे के लगभग परिवहन करते अंग्रेजी शराब से लदी हुई ट्रक पुलिस के ट्रैप में फंस गया। ट्रक ड्राइवर को मानपुर पुलिस ने हिरासत में लिया है। आगे की गहन तफ्तीश मामले को लेकर जारी है। इस सफलता में मानपुर थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा, प्रशिक्षु सब-इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश माधुरी, एएसआई रूपेंद्र साहू, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र, कांस्टेबल जितेंद्र वर्मा, तरूण सोनी, राजकुमार कौशिक की अहम भूमिका रही।

### उर्वरक के अवैध भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई

# घुमका में मनमाने रेट में खाद की बिक्री, देवांगन कृषि केंद्र सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषि विभाग की टीम ने शनिवार को घुमका स्थित देवांगन कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान केंद्र में बिना रिकॉर्ड और वैध दस्तावेजों के उर्वरकों का भंडारण पाए जाने के साथ ही किसानों से निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलने की शिकायतें भी सामने आई। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा पूरे जिलेभर में अभियान चलाया जा रहा है।

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि निरीक्षण में 39 बैग डीएपी, 24 बैग 20:20:0:13 तथा 8 बैग 28:28:0 उर्वरक का भंडारण पाया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार उक्त उर्वरकों के संबंध में आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जिससे प्रथम दृष्टया भंडारण अवैध प्रतीत हुआ। जांच के दौरान उपस्थित किसानों ने बयान दर्ज कराए कि उन्हें डीएपी 2400 प्रति बैग तथा यूरिया 700 प्रति बैग की दर से बेचा जा रहा था। इसके अलावा उर्वरकों का भंडारण निर्धारित स्थान के बजाय अन्य जगह किए जाने की भी पुष्टि हुई।



#### दुकान सील

विभाग ने इसे उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के खंड 3 एवं खंड 7 का उल्लंघन मानते हुए विक्रय परिसर को सील कर दिया तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस दौरान उर्वरक निरीक्षक अविनाश दुबे, मिथलेश साहू एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। विस्तृत जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### बिल नहीं देने पर कार्रवाई

राम कृषि केंद्र में भी आज छापामार कार्रवाही की गई। यहां बिल नहीं देने और पंजी का संधारण सही ढंग से नहीं किए जाने पर सात दिनों के लिए विक्रय में प्रतिबंध लगाया गया है।

#### जारी रहेगी कार्रवाई

खाद के अवैध भंडारण और ज्यादा मूल्य पर खाद की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**- टीकम ठाकुर,** उपसंचालक कृषि

# प्रधान आरक्षक ने किया सुसाइड पंखे पर लटककर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक शीतल यादव द्वारा घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की खबर से पुलिस महकमा स्तब्ध है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक शीतल यादव दाऊ चौरा स्थित अपने निवास में रहता था। शुक्रवार रात परिवार में पत्नी व बेटी खाना खाकर कमरे में सोने चले गए। जबकि शीतल यादव हॉल में ही सोया था। शनिवार सुबह चार बजे के आसपास पत्नी की नींद खुली तो हॉल में उसने पति को गमछे के सहारे पंखे पर लटके देखा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला सामने आया है। हालांकि उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी जांच की जा रही है।



#### पीएम रिपोर्ट बाद साफ होगी वजह

पुलिस परिजनों और करीबी लोगों से पूछताछ कर रही है। घटना से पुलिस विभाग में भी शोक का माहौल है। जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस का कहना है कि शीतल यादव जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ जवान था। उसके आत्मघाती कदम को लेकर गंभीरता से हर एंगल पर जॉच होगी। उसके बाद ही घटना का वास्तविक कारण पता चल पाएगा।

# सोनालिका यूपीएससी परीक्षा के बाद शहडोल में पदस्थ

**राजनांदगांव।** शहर की मेधावी छात्र सोनालिका रुचंदानी सिविल सर्विसेज यूपीएससी बैच 2023 की दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में शहडोल संभाग में सहायक रेल प्रबंधन (एआरएम मैनेजर) की नियुक्ति का आदेश प्राप्त होने के बाद कल सोमवार को सोनालिका रुचंदानी शहडोल संभाग का पदभार ग्रहण करेगी। उल्लेखनीय है कि शहडोल संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी स्टेशनों के अंतर्गत उनका कार्य क्षेत्र होगा।

सोनालिका ने वर्ष 2023 संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने के पश्चात लखनऊ एवं अन्य राज्यों में भारत दर्शन के तइत ढाई वर्षों तक रेलवे परिचालन संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया था। तत्पश्चात उनकी प्रथम नियुक्ति शहडोल संभाग में होने पर उनके मित्रों, शुभचिंतकों एवं सामाजिक संगठनों ने उनके पिता चंदन रुचंदानी एवं सोनालिका रुचंदानी को शुभकामनाएं प्रेषित की। पूज्य सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष चंदन रूचंदानी की सुपुत्री सोनालिका के यूपीएससी में चयन के पश्चात रेलवे मंडल में इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर सिंधी समाज के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने इसे समाज एवं शहर का गौरव बताते कहा कि सोनालिका शुरू से मेधावी रही और शहर के विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए उसकी सफलता अनुकरणीय बनी हुई है।



## विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन आज राजनांदगांव शहर प्रवास पर

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 7 जून 2026 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 7 जून को सुबह 10 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा।



विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर श्री रामलला दर्शन योजना कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1.30 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5 बजे से 6 बजे तक स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में आयोजित तेन्दूपत्ता संग्राहकों के बच्चों को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 7 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# गुजरात पुलिस ने राजनांदगांव रेंज का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वर्ष 2026 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव रेंज को गुजरात पुलिस कर्मियों को भ्रमण के लिए चुना गया है। जिसके तहत एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गुजरात से आई पुलिस टीम ने 17 मई से 6 जून तक छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव रेंज का भ्रमण किया।



एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गुजरात के कुल 15 पुलिस कर्मियों का दल छत्तीसगढ़ राज्य के जिला राजनांदगांव में भ्रमण हेतु पहुंचा है, जो राजनांदगांव जिले के थाना आजाक, महिला प्रकोष्ठ, आईयूसीए डब्ल्यू इकाई सबंधी कार्य, नगर सेना कार्यालय, जिला जेल राजनांदगांव, यातायात शाखा, सायबर इकाई, पुरातत्व एवं सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन, जिला राजनांदगांव पुलिस के कार्यों की जानकारी, थाना कार्य की जानकारी, सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर का भ्रमण, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कार्यों की जानकारी, दर्शनीय स्थल भ्रमण अवलोकन, जिला कबीरधाम के कार्यों की जानकारी, दर्शनीय स्थल भ्रमण अवलोकन, जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी के कार्यों की जानकारी, जिले का संचार कार्यों की जानकारी, जिले में पर्यटन, धार्मिक एवं शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण किया गया। इस दौरान गुजरात पुलिस के साथ अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने एवं राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव वर्ष 2026 के लिए चुना गया है।

#### एसपी ने किया सम्मानित

6 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा गुजरात पुलिस से आए भ्रमण दल के सदस्यों को भेट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समापन पर छग राज्य के पुलिसकर्मियों के हर संभव सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त करते बताया कि यहां की लोककला संस्कृति से परिचित होकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। छग राज्य के पुलिस कार्यप्रणाली सहज, सरल एवं मानवीयता पूर्ण है।

#### सामंजस्य स्थापित

ज्ञात हो कि "एक भारत श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम के तहत गुजरात राज्य को छत्तीसगढ़ राज्य के साथ एक जोड़ी राज्य के रूप में तय किया गया है। दोनों राज्य के बीच सामंजस्य स्थापित करने गुजरात पुलिस छत्तीसगढ़ में और छत्तीसगढ़ पुलिस गुजरात के लिए तय किया गया है। इसी के तहत राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव से पुलिस बल के 15 सदस्यों को गुजरात राज्य के विभिन्न शहरों, जिलों के भ्रमण के लिए भेजा गया है।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 7 जून 2026



# छह हजार उपभोक्ताओं के बकाया बिल एडजस्ट, विभाग को मिले पौने तीन करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

## समाधान योजना का लाभ ले रहे उपभोक्ता, 31 जून तक आवेदन करने की अवधि तय

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई समाधान योजना का राजनांदगांव रीजन में बेहतर असर दिखाई दे रहा है। सालों से बकाया बिल के भुगतान को लेकर बड़ी संख्या में लोग आगे आ रहे हैं। रीजन में अब तक छह हजार से अधिक मामलों का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है। जिससे विभाग के खाते में भी पौने तीन करोड़ रुपए जमा हो गए हैं। वहीं 18 हजार से अधिक लोगों ने लाभ लेने के लिए अपना पंजीयन कराया है।

राजनांदगांव में बिजली बिल समाधान योजना के तहत बकायेदारों को बड़ी राहत मिल रही है। राज्य शासन की मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना में सरचार्ज पूरी तरह से माफ किया जा रहा है। जिसका लाभ उठाने के लिए लोग बड़ी संख्या में आगे आ रहे हैं। जिले में लगभग दो हजार उपभोक्ता इसका लाभ उठा चुके हैं। वहीं पूरे प्रदेश की बात करें तो 12 मार्च से शुरू हुई इस योजना से अब तक उपभोक्ताओं को 600 करोड़ रुपए से अधिक की भारी छूट मिल चुकी है और बिजली कंपनी को भी लगभग 59 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह योजना 30 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगी। जिसका लाभ उठाकर राजनांदगांव सहित प्रदेश के बाकी बचे उपभोक्ता भी अपने पुराने बिजली बिलों के भारी भरकम सरचार्ज से मुक्ति पा सकते हैं।

### रीजन में 29971 बकायेदार

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव रीजन में कुल 29971 बकायेदार हैं। इनमें से 18331 बकायेदारों ने इस छूट योजना के तहत अपना पंजीयन करा लिया है। योजना में शामिल होकर राजनांदगांव के उपभोक्ताओं ने अब तक 2.78 करोड़ रुपए की बकाया राशि बिजली कंपनी में जमा करा दी है। इस जमा राशि के फलस्वरूप जिले में अब तक 6285 मामलों का सफलतापूर्वक समाधान हो चुका है।

### विशेष शिविर के भी आयोजन

विद्युत विभाग द्वारा इस योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए राजनांदगांव, कवर्धा, एमएमसी और केसीजी जिलों के 66 वितरण केंद्रों में विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा विभाग की टीमें घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना की पात्रता और छूट की प्रक्रिया के बारे में जागरूक कर रही है। ज्ञात हो कि योजना के तहत आगामी 30 जून तक ही उपभोक्ताओं के पंजीयन की प्रक्रिया चलेगी।



### इस तरह की मिल रही छूट

31 मार्च 2023 के पूर्व निष्क्रिय उपभोक्ताओं के लिए भी अलग-अलग योजनाएं हैं। इनमें बीपीएल श्रेणी मूल राशि पर 75 प्रतिशत की छूट और अधिभार (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत की छूट। घरेलू श्रेणी मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट और अधिभार पर 100 प्रतिशत की छूट। कृषि श्रेणी (स्थायी/अस्थायी) मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट और अधिभार पर 100 प्रतिशत की छूट। 31 मार्च 2023 के पूर्व सक्रिय उपभोक्ताओं के लिए बीपीएल श्रेणी 5 वर्ष से अधिक बकाया पर मूल राशि पर 75 प्रतिशत और अधिभार पर 100 प्रतिशत की छूट।

# एमपी से महाराष्ट्र ले जा रहा था 50 लाख की शराब, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

## 800 पेटी शराब के साथ नागपुर का आरोपी गिरफ्तार

मोहला। शराब तस्करी के मामले में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मध्यप्रदेश के मुलताई से महाराष्ट्र गढ़चिरौली सप्लाई करते मानपुर पुलिस ने 800 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब सहित ट्रक को जब्त किया है। मानपुर थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुल 75 लाख रुपए की संपत्ति अब तक जब्त किया है। इस मामले में सप्लायर और खेप गढ़चिरौली जिले में किसको पहुंचाया जा रहा था। जिसकी गहन जांच की जा रही है।

थाना मानपुर पुलिस को मुखबीर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि जिला अंबिकापुर पासिंग की एक सफेद रंग की अशोक लीलैंड ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब लोड कर अंबागढ़ चौकी-मोहला-मानपुर एवं औंधी मार्ग होते हुए महाराष्ट्र बॉर्डर पार कर शराब की खेप गढ़चिरौली जिले में पहुंचेगी। पुख्ता जानकारी के बाद आज सुबह से ही मानपुर एसडीएम कार्यालय के सामने थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा ने पुलिस बल की चेक पॉइंट लगाया था। दोपहर 3.30 बजे के लगभग परिवहन करते अंग्रेजी शराब से लदी हुई ट्रक पुलिस के ट्रैप में फंस गया। ट्रक ड्राइवर को मानपुर पुलिस ने हिरासत में लिया है।



### आधे घंटे में हो जाता बॉर्डर पार

आरोपी ट्रक ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि उक्त शराब मध्यप्रदेश के जिला बैतूल, तहसील मुलताई क्षेत्र से लोड की गई थी तथा नागपुर, देवरी, चिचोला, राजनांदगांव, अंबागढ़ चौकी, मोहला पार करते हुए साढे तीन सौ किलोमीटर का सफर तय कर लिया था। मानपुर एवं औंधी मार्ग से महाराष्ट्र गढ़चिरौली बॉर्डर तक पहुंचाई जानी थी, क्योंकि गढचिरौली जिले मे शराब प्रतिबंध है। अवैध शराब को जिला गढ़चिरौली बॉर्डर के सरहदी ग्रामों के आसपास अवैध शराब को खापाने की फिराक में थे। आरोपी ने यह भी बताया कि महाराष्ट्र में शैलेष नामक व्यक्ति के संपर्क में रहकर उक्त शराब को अनलोड किया जाना था।

### 75 लाख की संपत्ति जब्त

मानपुर वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक सीजी-15-डीजेड-4515 की गहन जांच के दौरान पुलिस को देखकर वाहन चालक भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस स्टाफ द्वारा तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते घेराबंदी कर दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम बलराम सिंह पिता दिमान सिंह डांगी निवासी नागपुर (महाराष्ट्र) बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब लोड है। वाहन की तलाशी लेने पर 100 पेटी रॉयल स्टैज व्हिस्की, 300 पेटी बियर, 400 पेटी गोवा कुल जमुला 75 लाख 28 हजार रुपए जब्त किया गया है।

## सुशासन तिहार के अंतर्गत वार्डों में समस्याओं का समाधान शिविर 8 को

0 राजनांदगांव। सुशासन तिहार के अंतर्गत वार्डों में जनता की समस्याओं का समाधान करने शिविर लगाए जा रहे है। शिविर के अंतिम चरण में 8 जून को सुबह 10 दोपहर 2 बजे तक हीरामोती वार्ड नं. 39, गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 एवं नंदई वार्ड नं. 48 के लिए गंजपारा स्कूल बसंतपुर थाना के समीप जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहकर वार्डवासियों की समस्या सुन उनसे मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त कर शासन की योजना से लाभान्वित करेंगे।







### डॉ.रमन आज राजनांदगांव शहर प्रवास पर



राजनांदगांव। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 7 जून 2026 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। दोपहर 12.30 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम पहुंचकर श्री रामलला दर्शन योजना कार्यक्रम में शामिल होंगे। पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर से दोपहर 1.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। शाम 5 बजे से 6 बजे तक स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में आयोजित तेन्दूपत्ता संग्राहकों के बच्चों को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 7 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### भाजपा की बैठक आज

मुसराकला। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आत्मनिर्भर मंडल की मासिक बैठक कल सात जून को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में रखा गया है। बैठक में मंडल प्रभारी चंद्रिका प्रसाद डड़सेना एवं सहप्रभारी राम कुमार गुप्ता उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर विचार किया जाएगा। सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से उपस्थित होने का आव्हान किया गया है।




# जनप्रतिनिधियों व वनाधिकारियों ने रोपे पौधे, लिया सुरक्षा का संकल्प





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभागीय निर्देशानुसार कार्यालय वन परिक्षेत्र अधिकारी गंडई के तत्वावधान में ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू, सरपंच राजा लाल तोहित सिंह, अनुविभागीय अधिकारी खुटे तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी संजीत मरकाम उपस्थित थे। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्री खुटे, वन परिक्षेत्र अधिकारी संजीत मरकाम ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वन संवर्धन, जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर जानकारी दी। अधिकारियों ने उपस्थित जनसमुदाय को पर्यावरण बचाने हेतु जन-जागरूकता का संदेश देते हुए आह्वान किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू एवं सरपंच राजा लाल तोहित सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन को रोकने और आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती को सुरक्षित बनाने हेतु पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

### पौध संरक्षण का संकल्प

समारोह में जनप्रतिनिधियों, वन अधिकारियों तथा ग्रामीणों ने छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। सभी ने इन पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। पौधरोपण के साथ ही पूरे परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की शपथ ली।

डोंगरगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल भाजपा ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। सभी कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

### छात्रों ने किया ग्रामीणों को जागरूक

तुमड़ीबोड़। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का स्मरण कराता है। यह दिन हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लेने और दूसरों को प्रेरित करने का अवसर देता है। इको क्लब प्रभारी थंगेश्वर साहू ने बताया कि मानव जीवन और पर्यावरण का संबंध अत्यंत घनिष्ठ है। पर्यावरण ही जीवन के लिए वायु, जल, भोजन, ऊर्जा तथा अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रदान करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उसकी सुरक्षा की शपथ दिलाया। इसी कड़ी में असीम यदु, वैशाली, कनिका, बबीता, संध्या, मेनका, रोहिणी, रविशंकर, निखिल आदि ने अपनें विचार रखे। निबंध, कविता,पें टिंग बनाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। तत्पश्चात गुलमोहर एवं आम का रोपण किया गया। इस दौरान सरोज भुआर्य, पालकराम वर्मा, नोहरदास लिल्हारे, राजेश नेताम आदि आदि मौजूद थे।





## खबर संक्षेप

### पर्यावरण दिवसः मोहतरा कला में किया पौधरोपण



**कोलेगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखंड पंडरिया की ग्राम पंचायत मोहतरा कला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बरगद का पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधारोपण को अपनी जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में बूथ क्रमांक 215 के अध्यक्ष माखन चंद्रवंशी, सरपंच वर्षा निलेश चंद्रवंशी, उपसरपंच ईश्वरी यादव तथा पंच गिरजा साहू, रानू चंद्रवंशी, संध्या चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, कीर्ति साहू, विष्णु चंद्रवंशी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी और विद्या जांगड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें। ग्रामीणों ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उन्होंने शपथ ली कि लगाए गए पौधों की रक्षा करेंगे और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखेंगे। वक्ताओं ने कहा कि एक छोटा सा पौधा भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर लोगों को छाया, स्वच्छ वायु और पर्यावरणीय संतुलन प्रदान करता है। इसी उद्देश्य से ग्राम पंचायत मोहतरा कला एवं समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में बरगद का पौधा रोपित किया गया।

### हादसा: तेज आंधी-तूफान या भारी बारिश में पेड़ का कभी भी गिरना तय

# एनएच-30 पर खड़ा सूखा पेड़ बन सकता है काल, मानसून से पहले हटाने की मांग

- तहसील और एसडीएम कार्यालय मार्ग पर मंडरा रहा खतरा, रोज गुजरते हैं हजारों लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

बोड़ला नेशनल हाईवे-30 के मुख्य मार्ग पर स्थित एक विशाल सूखा वृक्ष राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों के लिए बड़ी मुसीबत बन चुका है। आगामी मानसून की दस्तक और तेज आंधी-तूफान के मौसम को देखते हुए यह सूखा पेड़ कभी भी धराशायी हो सकता है। यदि समय रहते इसे नहीं हटाया गया, तो यहां किसी भी दिन कोई गंभीर और अप्रिय घटना घट सकती है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिस स्थान पर यह सूखा पेड़ खड़ा है, उसके ठीक नीचे और आस-पास नगर के कई गरीब ठेला व्यवसायी अपनी रोजी-रोटी चला रहे हैं। यहां सुबह से लेकर देर रात तक नाश्ता और चौपाटी का बाजार सजता है, जहां हमेशा खाने-पीने वालों की भारी भीड़ उमड़ती है। पेड़ के अचानक गिरने की स्थिति में यहां जान-माल का बड़ा नुकसान होने का सीधा अंदेशा बना हुआ है।

बताया जाता है कि यह मार्ग केवल स्थानीय लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी लाइफलाइन है। इसी मार्ग से होकर नगर के नागरिकों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को रोजाना तहसील कार्यालय और एसडीएम कार्यालय जाना पड़ता है। वीआईपी और प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियां भी इसी रास्ते से गुजरती हैं, बावजूद इसके इस खतरे पर अब तक किसी का ध्यान नहीं गया है।

**क्या प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है?**




स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि हवा चलने पर पेड़ से सूखी लकड़ियां गिरती रहती हैं। मानसून में तेज आंधी-तुफान आते ही यह पूरा पेड़ ढह सकता है। नागरिकों ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि किसी गंभीर दुर्घटना के घटने से पहले इस सूखे वृक्ष को तत्काल कटवाकर मार्ग को सुरक्षित किया जाए।

**राहगीरों की जान जोखिम में, जर्जर पेड़ पर कार्रवाई का इंतजार**

स्थानीय नागरिकों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी एवं प्रशासन का ध्यान हाईवे किनारे खड़े जर्जर पेड़ की ओर आकर्षित किया है। लोगों का कहना है कि मानसून में तेज हवा और बारिश के दौरान पेड़ कभी भी गिर सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों ने जनहित और सड़क सुरक्षा को देखते हुए समय रहते पेड़ को हटाने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### वृक्षारोपण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) कवर्धा में ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं एनएसीईआर के निर्देशानुसार हमारी जमीन, हमारा भविष्य थीम पर पर्यावरण जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक (एलडीएम) सुधीर बत्ता रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान परिसर में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि ने पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक व्यक्ति से प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भूमिगत जल संरक्षण, ग्राउंड वाटर रिचार्ज तथा वर्षा जल प्रबंधन की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। आरसेटी में सिलाई-कढ़ाई एवं असिस्टेंट बुककीपर (कम्प्यूटर) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

संस्थान के अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सतत जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण के साथ-साथ जल संरक्षण के लिए भी सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के संकाय सदस्य रामचंद्र साहू एवं श्वेता यादव के नेतृत्व में किया गया।

## कांग्रेस ने कारखाना प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन



- किसानों के 25 करोड़ गन्ना भुगतान और श्रमिकों के 6 माह के वेतन की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया में किसानों के लंबित गन्ना भुगतान और श्रमिकों के बकाया वेतन को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया अध्यक्ष घनश्याम साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों और श्रमिक प्रतिनिधियों ने कारखाना प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र के किसानों का करीब 25 करोड़ रुपए गन्ना भुगतान और लगभग 7 करोड़ रुपए रिकवरी राशि लंबे समय से लंबित है। भुगतान नहीं होने से किसानों को खेती-किसानी, खाद-बीज, सिंचाई और ऋण अदायगी में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शक्कर कारखाने में कार्यरत श्रमिकों को पिछले 6 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों और श्रमिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करते हुए लंबित राशि का तत्काल भुगतान करने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसानों का गन्ना भुगतान, रिकवरी राशि और श्रमिकों के बकाया वेतन का जल्द भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य में भुगतान के लिए निश्चित समय-सीमा तय कर नियमित व्यवस्था लागू की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान और श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित थें। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में किसानों और श्रमिकों के हित में आंदोलन किया जाएगा।

# समाधान शिविर में कर्मचारियों को शाल-श्रीफल से किया सम्मानित

### जनहित में बेहतर कार्य करने वाले पटवारी व लाइनमैन का सार्वजनिक सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्राम खैरबनाकला में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में एक अनूठी पहल देखने को मिली। जनहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारी एवं लाइनमैन का जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने सार्वजनिक मंच से शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे कर्मचारियों के मनोबल बढ़ाने वाला कदम बताया।

जिला भाजपा महामंत्री नितेश अग्रवाल ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन तिहार के माध्यम से गांव-गांव में प्रशासन लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का सार्वजनिक सम्मान भाजपा सरकार की कार्यसंस्कृति को दर्शाता है।

**जनसेवा के लिए मिला सम्मान**

पटवारी श्रीमती मोनू वर्मा एवं लाइनमैन कमलेश धुर्वे को ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान, त्वरित कार्यप्रणाली और जनहित में सक्रिय भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कर्मचारियों का सम्मान अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।

**शिविर में मिल रहा त्वरित समाधान**

खैरबनाकला में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों और शिकायतों का निराकरण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाएं और प्रशासनिक सेवाएं सीधे गांवों तक पहुंच रही हैं, जिससे लोगों को राहत मिल रही है

जनहित में कार्य करने वालों का सम्मान होना ही चाहिए। समाधान शिविर में हल्का नंबर-36 की पटवारी श्रीमती मोनू वर्मा का सम्मान किया गया। बताया गया कि वे अपने प्रभार क्षेत्र के ग्राम चिमरा, सरेखा, मन्नाबेदी, बरभावंर सहित अन्य गांवों में किसानों एवं आम नागरिकों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण कर रही हैं। उनके कार्यों से क्षेत्र के लोगों में संतोष का माहौल है। इसी प्रकार विद्युत विभाग के लाइनमैन कमलेश धुर्वे को भी उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वे अपने प्रभार क्षेत्र के गांवों में विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, मंडल अध्यक्ष मीलू साहू, जनपद सदस्य नरेश साहू, राजेश साहू, विमला गौरी साहू, छोटू चन्द्रवंशी, रमेश मेरावी, अजय कौशिक सहित जनप्रतिनिधि, सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

**खालसा स्कूल के नाली स्लैब गायब**

**कवर्धा।** नगर के खालसा स्कूल के पास नाली के ऊपर लगा लोहे का स्लैब गायब हो गया है, जिससे नाली खुली रह गई है। इस कारण क्षेत्र से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुले नाले के कारण विशेषकर रात के समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## इसरो के युविका कार्यक्रम के लिए अभिषेक चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ के होनहार छात्र अभिषेक खरे की उपलब्धि पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने कवर्धा निवास कार्यालय में उनसे मुलाकात की और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर के कक्षा 10वीं के छात्र अभिषेक का चयन इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन के प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम (युविका) के लिए हुआ है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अभिषेक की सफलता केवल उनके परिवार या विद्यालय की ही नहीं, बल्कि पूरे कबीरधाम जिले और छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। अभिषेक जैसे प्रतिभाशाली छात्र अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं।

श्री शर्मा ने अभिषेक को सम्मानित करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। उन्होंने अभिषेक को भविष्य में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया। अभिषेक खरे का चयन इसरो के युविका कार्यक्रम में हुआ है, जिसके माध्यम से देशभर के मेधावी विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान की बारीकियों से अवगत कराया जाता है।

### मानसून से पहले स्वास्थ्य विभाग को दिए समुचित तैयारी के निर्देश

# जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय कवर्धा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट, आभा पंजीयन केंद्र, ओपीडी, जनरल वार्ड, पर्ची काउंटर, आईसीयू, पैथोलॉजी लैब सहित अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान

कलेक्टर ने जिला अस्पताल परिसर स्थित अटल आरोग्य लैब का भी अवलोकन किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तूरे ने बताया कि वर्तमान में इस अत्याधुनिक लैब में 134 प्रकार की जांचें निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे जिले के नागरिकों को बड़ी राहत मिल रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस सुविधा का अधिकतम लाभ आमजन तक पहुंचाया जाएं। कलेक्टर श्री वर्मा ने आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट, आभा पंजीयन केंद्र का निरीक्षण कर वहां पंजीयन कराने आए हितग्राहियों से चर्चा की और उनकी प्रतिक्रियाएं जानीं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आभा पंजीयन के मामले में कबीरधाम जिला प्रदेश के टॉप-10 जिलों में शामिल है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तूरे ने बताया कि आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के माध्यम से मरीजों को लंबी कतारों से राहत मिल रही है। इसके जरिए मरीजों को अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट, पर्चे अथवा एक्स-रे साथ लेकर चलने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि डॉक्टर एक क्लिक में उनका डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र हितग्राही आभा एवं आयुष्मान कार्ड के माध्यम से देश के सूचीबद्ध शासकीय एवं निजी अस्पतालों में पांच लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार प्राप्त कर सकते हैं।

**कलेक्टर ने मरीजों से लिया फीडबैक**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला अस्पताल में उपचाररत ग्राम सरोधा निवासी कार्तिक राम झरिया से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया। श्री झरिया ने बताया कि सड़क दुर्घटना में उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके बाद जिला अस्पताल में उन्हें बेहतर उपचार मिला और अब उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। साथ ही साथ निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की तैयारियों का भी अवलोकन किया।

# ग्रीन समर कैंप एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरिया में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर मिशन लाइफ के अंतर्गत ग्रीन समर कैंप एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बच्चों ने भाग लेकर पर्यावरण के महत्व को जाना तथा कचरा कम करने एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का प्रण लिया। कभी गर्मियों की पहचान आम के बौर, कुओं के पानी और मानसून के इंतजार से होती थी। दोपहरें तपती थीं, लेकिन मौसम का अपना एक स्वभाव और लय हुआ करती थी। आज वही गर्मियां हीटवेव, जल संकट और मौसम की अनिश्चितता की खबरों के साथ आती हैं। जून की शुरुआत होते-होते गर्मी का असर अपने चरम पर पहुंचने लगता है। शहरों में तापमान के नए रिकॉर्ड की खबरें आने लगती हैं, गांवों में जलस्रोत सिकुड़ने लगते हैं, और मौसम का व्यवहार पहले से कहीं अधिक अनिश्चित दिखाई देता है। कभी अचानक आने वाली बाढ़, कभी लंबे सूखे, तो कभी असामान्य गर्मी की लहरें हमें लगातार यह याद दिलाती हैं कि पर्यावरण का संकट कोई दूर का खतरा नहीं, बल्कि हमारे वर्तमान की वास्तविकता है।

हम अक्सर पर्यावरण को केवल पेड़-पौधों, जंगलों या वन्यजीवों तक सीमित करके देखते हैं। जबकि सच यह है कि पर्यावरण हमारे जीवन का वह व्यापक तंत्र है जिसमें हवा, पानी, मिट्टी, नदियां, जैव विविधता और जलवायु सब शामिल हैं। हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि यह याद दिलाने का अवसर है कि विकास और पर्यावरण को एक-दूसरे का विरोधी नहीं, बल्कि पूरक बनाकर देखना होगा। उक्त कार्यक्रम प्राचार्या श्रीमती एनके एक्का के मार्गदर्शन में एवं व्यवसाय प्रशिक्षक सौरभ यादव एवं श्रीमती नीतू केवट के द्वारा संपन्न कराया गया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भव्य जागरूकता रैली का आयोजन आज

कवर्धा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 07 जून 2026, रविवार को प्रातः 6.30 बजे से आउटडोर स्टेडियम, कवर्धा में प्रारंभ होगा। साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न खेल संघों के खिलाड़ी, आम नागरिक, स्कूली विद्यार्थी, शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक भाग ले सकते है। विभाग ने जनजागरूकता अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# प्रोटोकॉल में था उद्घाटन, फिर क्यों नहीं खुला बोड़ला का बलराम सदन?

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

किसानों और ग्रामीणों की सुविधा के लिए निर्मित बलराम सदन का उद्घाटन अंतिम समय में नहीं होने से शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के बोड़ला प्रवास के दौरान बलराम सदन के लोकार्पण का कार्यक्रम आधिकारिक प्रोटोकॉल में शामिल था।

इसके लिए प्रशासन एवं संबंधित विभागों ने सभी तैयारियां भी पूरी कर ली थीं, लेकिन कार्यक्रम के बावजूद भवन का उद्घाटन नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार अनुविभागीय कार्यालय परिसर में निर्मित बलराम सदन के उद्घाटन को लेकर स्थल पर टेंट, कुर्सियां, फीता काटने सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी सुबह से ही कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए थे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपमुख्यमंत्री ने विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और भोजन भी किया, लेकिन विश्राम गृह से लगे परिसर में बने बलराम सदन का लोकार्पण नहीं हो पाया।

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद बिना उद्घाटन हुए ही टेंट और अन्य व्यवस्थाएं हटा ली गईं। इस पूरे घटनाक्रम ने उपस्थित लोगों को हैरान कर दिया और क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि जब उद्घाटन कार्यक्रम प्रोटोकॉल में शामिल था और सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, तब आखिर अंतिम समय में ऐसा क्या हुआ कि उद्घाटन नहीं हो सका।

हालांकि इस संबंध में प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है।




### अंचल के किसानो की जरूरत से जुड़ा है बलराम सदन

तहसील एवं अनुविभागीय कार्यालय पहुंचने वाले किसानों और ग्रामीणों को अक्सर घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। गर्मी, बरसात और अन्य मौसमीय परिस्थितियों में बैठने एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में किसानों के लिए तैयार किया गया बलराम सदन एक महत्वपूर्ण जनसुविधा के रूप में देखा जा रहा था। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकार की किसान हितैषी सोच के अनुरूप तैयार यह भवन शुरू हो जाता तो किसानों को बड़ी राहत मिलती। यह केवल एक भवन का उद्घाटन नहीं बल्कि ग्रामीणों और किसानों की लंबे समय से चली आ रही व्यावहारिक समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होता।

### मानसून से पहले सुविधा शुरू होने की थी उम्मीद

क्षेत्र में मानसून की दस्तक निकट है। किसानों को उम्मीद थी कि बलराम सदन शुरू होने के बाद उन्हें धूप और बारिश से बचाव के लिए बेहतर व्यवस्था मिलेगी। लेकिन उद्घाटन नहीं होने से यह सुविधा फिलहाल उपयोग से बाहर बनी हुई है। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बलराम सदन का उद्घाटन आखिर कब होगा और किसानों को इसका लाभ कब से मिलना शुरू होगा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि उद्घाटन नहीं होने के कारणों को सार्वजनिक किया जाए तथा किसानों और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बलराम सदन को जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए।

**शुभारंभ:** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया लोकार्पण, यात्रियों की सुविधा व शहर का विस्तार

# 8 वर्षों का लंबा इंतजार खत्म, हाईटेक बस स्टैंड से बसों का संचालन किया गया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कवर्धा का आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त हाईटेक बस स्टैंड आम जनता को समर्पित कर दिया गया। करीब आठ वर्षों से संचालन की प्रतीक्षा कर रहे इस बस स्टैंड का लोकार्पण छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया।

इसके साथ ही पुराने बस स्टैंड से संचालित होने वाली बसों का संचालन अब नए हाईटेक बस स्टैंड से शुरू हो गया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, बस संचालकों, परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने इसे शहर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हाईटेक बस स्टैंड का शुभारंभ कवर्धा शहर के विकास और विस्तार का नया अध्याय है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की सोच और दूरदृष्टि के तहत इस परियोजना की शुरुआत हुई थी, जिसे अब संचालन के स्तर तक पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए घोठिया मार्ग का चौड़ीकरण और सड़क निर्माण कराया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि पुराना बस स्टैंड खाली होने के बाद उसके उपयोग को लेकर भी भविष्य में योजनाबद्ध निर्णय लिया जाएगा।




### आधुनिक बस स्टैंड की लागत 10 करोड़

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित हाईटेक बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने कहा कि बस संचालन शुरू होने के साथ ही जिलेवासियों का वर्षों पुराना इंतजार समाप्त हो गया है।

### पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ

बस संचालन प्रारंभ होने से पहले बस स्टैंड परिसर में नगर पालिका के पार्षदों द्वारा सपत्निक भगवान सत्यनारायण की कथा एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधिवत लोकार्पण कर बस संचालन को हरी झंडी दिखाई।

### सड़क चौड़ीकरण से खुला संचालन का रास्ता

नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण काफी पहले पूरा हो चुका था, लेकिन घोठिया-जुनवानी मार्ग संकरा होने के कारण बसों का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा था। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से मार्ग चौड़ीकरण और सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई। सड़क निर्माण एवं आवश्यक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद अब बस स्टैंड तक सुगम पहुंच संभव हो सकी है।

### नए रूट से संचालित होंगी बसें

यातायात विभाग, परिवहन विभाग, नगर पालिका और बस संचालकों के समन्वय से बसों के लिए नए रूट निर्धारित किए गए हैं। जिसके तहत राजनांदगांव की ओर से आने वाली बसें ठाठ होटल मार्ग से सीधे हाईटेक बस स्टैंड पहुंचेंगी। बिलासपुर की ओर से आने वाली बसें मिनीमाता चौक, बजाज शोरूम और महेंद्रा शोरूम मार्ग से बस स्टैंड पहुंचेंगी। इन मार्गों पर यात्रियों की सुविधा के लिए ऑटो और टैक्सी सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी, जिनके किराए निर्धारित कर दिए गए हैं।

### सीसीटीवी व पुलिस सहायता केंद्र भी

यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही पुलिस विभाग के सहयोग से परिसर में पुलिस सहायता केंद्र भी स्थापित किया गया है, जहां सुरक्षा व्यवस्था के लिए जवान तैनात रहेंगे। बस स्टैंड में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल सुविधा, पार्किंग और ऑटो स्टैंड की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

# जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 10 को, तैयारियां की गई शुरू

- दो महिला पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला अधिवक्ता संघ कवर्धा के निर्वाचन की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता चंद्रशेखर ठाकुर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता तारकेश्वर जायसवाल की देखरेख में 10 जून को संघ के विभिन्न पदों के लिए मतदान कराया जाएगा।







मतदान सुबह 11 से शाम 4 बजे तक होगा। अध्यक्ष पद के लिए प्रकाश चंद्रवंशी एवं पोखराज सिंह परिहार के बीच सीधा मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष पद पर पुरुषोत्तम नाथ शिवोपासक और राजेश पाठक, सचिव पद पर लक्ष्मीनारायण तिवारी एवं राजेश शुक्ला, सह सचिव पद पर प्रकाश कुमार चंद्रवंशी और विष्णु चंद्रवंशी चुनाव मैदान में हैं।

इसी प्रकार ग्रंथपाल पद के लिए चंद्रप्रताप सिंह राजपूत एवं अतीत परिहार, कोषाध्यक्ष पद के लिए जलेश्वर प्रसाद साहू एवं सुरेश तिवारी तथा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पद के लिए मुकेश कुमार कौशिक और अतीत परिहार के बीच मुकाबला होगा। वहीं उपाध्यक्ष (महिला आरक्षित) पद पर सविता अवस्थी तथा सह सचिव (महिला आरक्षित) पद पर उज्जवला सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई हैं।

चुनाव अधिकारियों ने सभी अधिवक्ताओं से मतदान में भाग लेने की अपील की है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि मतदान के समय मतदाताओं को छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता संघ द्वारा जारी पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। पहचान पत्र नहीं होने की स्थिति में मतदान का अधिकार नहीं दिया जाएगा। निर्वाचन संबंधी सूचना संघ के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है तथा जिले के समस्त न्यायालयों को भी इसकी जानकारी भेजी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ठाकुर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी तारकेश्वर जायसवाल संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन एवं संपादन करेंगे। उक्त जानकारी अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण तिवारी ने दी।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दिव्यांग को प्रदान की स्कूटी, लाभार्थी ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की संवेदनशील कार्यशैली और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण कबीरधाम जिले में देखने को मिला।

जिले के विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम भलपहरी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ग्राम बोरियाकांपा निवासी दिव्यांग नंदकुमार पटेल ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई और आवागमन की सुविधा के लिए स्कूटी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। नंदकुमार पटेल की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तत्काल आवश्यक निर्देश दिए। उनके निर्देशों के अनुरूप आज उन्होंने अपने कवर्धा स्थित निवास कार्यालय में खुद नंदकुमार को सहायक उपकरण वाली स्कूटी प्रदान की।




उन्होंने नंदकुमार को स्कूटी चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। स्कूटी प्राप्त करने के बाद नंदकुमार की खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्होंने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि अब उन्हें अपने दैनिक कार्यों, सामाजिक गतिविधियों तथा आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में काफी सुविधा होगी। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और वे अधिक स्वतंत्रता के साथ अपने कार्य कर सकेंगे।

# 11 किलो गांजा व एक लाख नगदी के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

- कवर्धा कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को एक बार फिर जिला मुख्यालय कवर्धा से गांजा बेचते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 11 किलोग्राम गांजा व एक लाख रुपए नगद जब्त किया है।

कवर्धा डीएसपी आशिष शुक्ला ने बताया कि कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि बिलासपुर बायपास के एक किराए के मकान में एक युवक द्वारा अवैध रूप से गांजा बेचा जा रहा है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी गजेन्द्र मानिकपुरी (30 वर्ष) निवासी ग्राम भरेली के कब्जे से करीब 11 किलो ग्राम गांजा और नगदी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी यह भी मिली है कि इस अभियान के तहत शनिवार को ही जिले के सहसपुर लोहारा में अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा ने किया वृक्षारोपण, अभियान में जुटे कई कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विश्व पर्यावरण दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान कबीरधाम जिले के रणवीरपुर मंडल अंतर्गत वीरेंद्र नगर हाईस्कूल परिसर एवं इंदौरी मंडल क्षेत्र के शासकीय प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर ने प्रभारी के रूप में सहभागिता करते हुए स्थानीय भाजपा जिला एवं मंडल पदाधिकारियों के साथ पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए।



इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया तथा लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया गया।

**टेट, पूर्व सेवा गणना सहित अन्य विषयों पर उप मुख्यमंत्री से सकारात्मक चर्चा**

# टीचर्स एसोसिएशन ने गिनाई शिक्षकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से जिला मुख्यालय स्थित उनके निवास में मुलाकात कर सीमित विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा एवं पूर्व सेवा गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया।

चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि संविलियन से स्कूल शिक्षा विभाग में आए शिक्षक संवर्ग की संविलियन से पहले की सेवा का गणना नहीं किए जाने के कारण कई शिक्षक बगैर पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे हैं और पेंशन के दायरे में आने वाले शिक्षकों को भी नगण्य आनुपातिक पेंशन ही प्राप्त होगा। रमेश चन्द्रवंशी व अन्य के प्रकरण में उच्च न्यायालय ने भी पूर्व सेवा व अनुच्छेद 14 व 16 को ध्यान में रखते हुए पेंशन की तिथि निर्धारित करने के लिए सरकार को 120 दिनों का समय दिया है। अतः संविलियन से पहले की सेवा का पेंशन हेतु गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान किया जावे।

हाल ही में आये सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में कार्यरत समस्त शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक शिक्षक पात्रता परीक्षा अर्थात टेट उत्तीर्ण करना आवश्यक है।

अतः शिक्षकों की सेवा सुरक्षा हेतु सीमित विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन जुलाई-2026 में किया जावे। उपमुख्यमंत्री ने पूर्व सेवा गणना कर पुरानी पेंशन और सीमित विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का रास्ता बनाने हेतु आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, सुरतिया साहू, राजेश तिवारी, राजकिरण चन्द्रवंशी, सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र सोनी, बद्री चन्द्रवंशी, शिव धुर्वे, राजेश चन्द्रवंशी, दिलीप धुर्वे, चतुर मेरावी, केदार चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रौल, महेंद्र गुप्ता, श्रीराम साहू, सनत तिवारी, राजेंद्र तलवरे, नरेश साहू, छवि निर्मलकर, रामसिंग साहू, राजेंद्र निर्मकलर, प्रकाश केशरवानी, संजय हठीले, रामधनी शर्मा, विनोद राजपूत, चिंता पटेल, गतपत पटेल, इशाक खान, जलेश्वर साहू, रामसिंग धुर्वे, मिलन साहू, विजय पाण्डेय, पुरूषोतम साहू, राजकुमार चौरिया, उमेद नवरंगे, हरीश धुर्वे आदि उपस्थित रहे।



### एसोसिएशन ने ज्ञापन में रखी शिक्षकों की कई मांगे

उपमुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान यह भी बताया गया कि प्रदेश में 30 हजार सहायक शिक्षक पदोन्नति एवं क्रमोन्नति से वंचित हैं। अतः पदोन्नति हेतु दिए गए वन टाइम रिलेक्सेसन की तरह क्रमोन्नति के लिए दस वर्ष की सेवा को एक बार के लिए शिथिल करते हुए पांच वर्ष में क्रमोन्नति का लाभ देने का प्रावधान किया जावे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार व राज्य शिक्षक पुरस्कार योजना के अंतर्गत राष्ट्रपति व राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक संवर्ग अर्थात सहायक शिक्षक, शिक्षक, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक, व्याख्याता एवं प्राचार्य को तीन वर्ष की सेवावृद्धि तथा पारी बाहर अर्थात आउट ऑफ टर्न पदोन्नति प्रदान करने का मुद्दा भी उठाया गया है।

# सांसद ने बाघामुड़ा में कई विकास निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बाघामुड़ा में 32 लाख 64 हजार रुपए के विभिन्न विकास निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। सांसद पांडेय ने ग्राम में नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण चेक डेम निर्माण व मुक्तिधाम निर्माण कार्य का लोकार्पण कर आम जनता को समर्पित किया।



सांसद संतोष पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन आंगनबाड़ी भवन हमारे नौनिहालों के बेहतर पोषण, शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास का आधार बनेगा। चेकडेम निर्माण से जल संरक्षण एवं सिंचाई सुविधाओं को मजबूती मिलेगी, वहीं मुक्तिधाम निर्माण से ग्रामीणों को आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार सभी वर्गों की चिंता कर उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

सभी क्षेत्रों का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है।

देश में नक्सलवाद का ख़ात्मा हो गया। ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को फ़ोन कर निर्देशित भी किया।